**Q: हाल में भारतीय सेना ने अपनी पहली 3-डी प्रिंटेड आवासीय इकाई का उद्घाटन किया। निम्नलिखित कथन पर विचार करें:**

1. यह सशस्त्र बलों के कर्मियों के बढ़ते आवास को पूरा करने के लिए आधुनिक समय के तेजी से निर्माण प्रयासों का प्रतीक है।
2. यह संरचना 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' का भी प्रमाण है।
3. तकनीक एक ठोस द्वि-आयामी डिजाइन का उपयोग करती है और बनाती है।

नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प का चयन करें:

a) 1 और 2
b) 2 और 3
c) 1 और 3
d) 1, 2 और 3

उत्तर: a

व्याख्या:

- 3-डी प्रिंटेड घर सशस्त्र बलों के कर्मियों की बढ़ती आवास आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हैं और ये आधुनिक समय के तेजी से निर्माण प्रयासों के प्रतीक हैं।
- यह ढांचा 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' को बढ़ावा देने में भारतीय सेना की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है।
- इस तकनीक में एक ठोस 3डी प्रिंटर का उपयोग किया जाता है, जो कम्प्यूटरीकृत त्रि-आयामी डिज़ाइन पर कार्य करता है और खास तौर पर इस उद्देश्य के लिए डिज़ाइन किए गए विशेष प्रकार के कंक्रीट को बाहर निकालकर परत-दर-परत तरीके से 3-डी संरचना तैयार करता है।

**Q: वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. इसे नीति आयोग द्वारा जारी किया जाता है।
2. रिपोर्ट के मुताबिक, सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (जीएनपीए) अनुपात सात साल के निचले स्तर पर आ गया है।
3. जीएनपीए अनुपात का अनुमान बैंकों की बैलेंस शीट के लचीलेपन का आकलन करने के लिए किए गए मैक्रो-स्ट्रेस टेस्ट पर आधारित है।

नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प का चयन करें:

a) 1 और 2
b) 2 और 3
c) 1 और 3
d) 1, 2 और 3

उत्तर: a

व्याख्या:

- हाल ही में, आरबीआई ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (FSR) जारी की।

- भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा  कि सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (जीएनपीए) अनुपात, जो सितंबर 2022 में सात वर्ष के निचले स्तर 5 प्रतिशत पर आ गया था, सितंबर 2023 तक 4.9 प्रतिशत तक और सुधरने की संभावना है।
- जीएनपीए अनुपात का अनुमान व्यापक आर्थिक वातावरण से उत्पन्न होने वाले अप्रत्याशित झटकों के लिए बैंकों की बैलेंस शीट की लचीलापन का आकलन करने के लिए किए गए मैक्रो-स्ट्रेस टेस्ट पर आधारित है।

**Q: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः**

1. अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए एक डिजिटल मंच प्रदान करती है।
2. राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) को लागू करने के लिए नोडल एजेंसी है।

नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प का चयन करें:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2
d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर: c

व्याख्या:

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) लाइट यानी कम साइज वाली, मजबूत और एबीडीएम- अनुरूप अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) का बीटा संस्करण जारी कर रहा है।
- इस प्रणाली की परिकल्पना स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए, विशेष रूप से निजी क्लीनिकों और छोटे स्वास्थ्य केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से एक डिजिटल मंच प्रदान करने के लिए की गई है।
- एनएचए, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) को लागू करने के लिए नोडल एजेंसी है। इसका उद्देश्य भारत में डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के लिए आधार का विकास करना है।
- इस सोच के अनुरूप यह एक नया एचएमआईएस सॉल्यूशन (समाधान) विकसित करने के लिए कोविन मॉड्यूल की मजबूती का लाभ उठा रहा है।
- इससे छोटे क्लीनिकों के डिजिटलीकरण में तेजी आएगी और भारत में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की तलाश में सुधार होगा।

**Q: राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः**

1. यह एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (PSE) है।
2. यह तकनीकी रूप से स्टार्ट-अप का मूल्यांकन करने के लिए DPIIT के अंतर-मंत्रालयी बोर्ड (IMB) की सहायता करता है।
3. यह उनकी स्टार्ट-अप योजना के कार्यान्वयन के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) के साथ भी जुड़ा हुआ है।

नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प का चयन करें:

a) 1 और 2
b) 2 और 3
c) 1 और 3
d) 1, 2 और 3

उत्तर: d
व्याख्या:

- हाल ही में, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम 01 जनवरी, 2023 से स्टार्ट-अप के लाभ के लिए प्रौद्योगिकी का व्यावसायीकरण करेगा।
- 1953 में स्थापित, राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) डीएसआईआर के अंतर्गत एक पीएसई, धारा 8 कंपनी है जो अनुसंधान और विकास और उद्योग को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- एनआरडीसी, भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए स्टार्ट-अप की मान्यता का तकनीकी रूप से मूल्यांकन करने के लिए डीपीआईआईटी के अंतर-मंत्रालयी बोर्ड (आईएमबी) को सहायता प्रदान करता है और अब तक स्टार्ट-अप के 7,500 से ज्यादा आवेदनों का आकलन किया जा चुका है।
- एनआरडीसी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के साथ भी जुड़ा हुआ है, जिससे स्टार्ट-अप की पहचान से लेकर उत्पाद प्रस्तुत करने तक स्टार्ट-अप योजना का कार्यान्वयन किया जा सके।

**Q: भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. ऑस्ट्रेलिया द्वारा अपनी 100% टैरिफ लाइनों पर उपलब्ध कराए गए वरीयतापूर्ण बाजार पहुंच से लाभ प्राप्त होगा।
2. भारत ने लगभग 103 उप-क्षेत्रों में ऑस्ट्रेलिया को बाजार पहुंच की पेशकश की है
3. ऑस्ट्रेलिया ने भारत को मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन) का दर्जा नहीं दिया था।

नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प का चयन करें:

a) 1 और 2
b) 2 और 3
c) 1 और 3
d) 1, 2 और 3

उत्तर: a
व्याख्या:

- भारत-ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए दोनों देशों के बीच व्यापार को प्रोत्साहित करने तथा उसमें सुधार लाने के लिए एक संस्थागत तंत्र उपलब्ध कराता है। यह भारत और ऑस्ट्रेलिया द्वारा संचालित लगभग सभी टैरिफ लाइनों को कवर करता है।
- भारत को इससे रत्न एवं आभूषण, कपड़ा, चमड़ा, फुटवियर, फर्नीचर, खाद्य एवं कृषि उत्पाद, इंजीनियरिंग वस्तुएं, चिकित्सा उपकरणों, ऑटोमोबाइल जैसे भारत के श्रम आधारित क्षेत्रों सहित इसके 100 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर उपलब्ध कराए गए वरीयतापूर्ण बाजार पहुंच से लाभ प्राप्त होगा।

- जहां तक सेवाओं में व्यापार का संबंध है तो ऑस्ट्रेलिया ने लगभग 135 उप क्षेत्रों में व्यापक प्रतिबद्धताओं तथा भारत की दिलचस्पी वाले मुख्य क्षेत्रों को कवर करते हुए 120 उप-क्षेत्रों में सर्वाधिक वरीयतापूर्ण राष्ट्र ( एमएफएन ) का दर्जा देने की पेशकश की है।
- दूसरी तरफ, भारत ने लगभग 103 उप-क्षेत्रों में ऑस्ट्रेलिया को बाजार पहुंच तथा 'व्यवसाय सेवाओं', 'संचार सेवाओं', निर्माण तथा संबंधित इंजीनियरिंग सेवाओं' आदि जैसे 11 व्यापक सेवा क्षेत्रों से 31 उप-क्षेत्रों में सर्वाधिक वरीयतापूर्ण राष्ट्र (एमएफएन) का दर्जा देने की पेशकश की है।